# पेंचवेली एक्सप्रेस नैनपुर के स्थान पर मंडला तक विस्तारित की जाए

**मंडला, देशबन्धु।** विगत दिनों रेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा इंदौर से सिवनी जिले तक चलने वाली पेंचवेली एक्सप्रेस क्रमांक,19343/19344 , का विस्तार नैनपुर रेलवे स्टेशन तक किये जाने के आदेश प्रसारित करते हुए समय सारिणी निर्धारित की गई है,यह एक्सप्रेस गाड़ी इंदौर से नैनपुर सीधी सेवा देगी तथा नैनपुर से सिवनी, छिंदवाड़ा, आमला, बेंतूल, होशंगाबाद, भोपाल, इंदौर जैसे प्रमुख स्टेशनों का सफर तय करेगी।

भारत सरकार रेलवे मंत्रालय द्वारा नैनपुर से मंडला रेलखंड को बाडगेज में परिवर्तित कर विघुतीकरण काम करोड़ों रुपए की लागत से पूर्ण कराया गया है साथ ही नैनपुर एवं मंडला फोर्ट स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत नवीन रूप दिया गया है परन्तु नैनपुर मंडला रेलखंड में लम्बी दूरी की यात्री गाड़ियां न चलने से जिला मुख्यालय एवं मंडला जिले के निवासियों के इस रेल मार्ग का समुचित फायदा नहीं मिल पा रहा है। इसी प्रकार मंडला से दोपहर एक बजे मंडला से नैनपुर चलने वाली रेलगाड़ी को नागपुर तक बढ़ाया जाकर जिले की जनता को मंडला से नागपुर एवं नागपुर से मंडला सीधे ट्रेन उपलब्ध कराई जा सकती है, वर्तमान में मंडला से नागपुर का बस द्वारा किराया लगभग 500 रुपए लगाता है जबकि मंडला-नागपुर मार्ग पर रेलगाड़ी




संचालन में प्रति सवारी किराया लगभग 100ध् रुपए होगा इस प्रकार एक तरफ की यात्रा प्रति सवारी किराया लगभग 400/-रुपए की बचत की जा सकेगी जो कि सच्ची मानव सेवा होगी।

यहां यह कहना भी नितांत आवश्यक है कि सड़क मार्ग की अपेक्षा रेल मार्ग से यात्रा करने पर लगभग पांच गुनी राशि की बचत होती हैं अर्थात जहां रेलमार्ग पर 20/-टिकिट लगती वहीं सड़क मार्ग पर यात्रा करने पर 150ध् जनसामान्य को व्यय करना होता है, ऐसी स्थिति में जिला मुख्यालय से लम्बी दूरी की रेलगाड़ियों का संचालन करने पर ही जिले के गरीब आदिवासियों की सच्ची सेवा होगी साथ ही बस किराए की अनावश्यक लूट से राहत मिलेगी तथा इस प्रकार की बचत राशि का उपयोग जनता अपने आवश्यक कार्यों हेतु कर सकेगी।

इस प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराकर जिले के मंत्री, सांसद, विधायक, नेता गण आदिवासियों की सच्ची सेवा उपलब्ध कराने में श्रेय प्राप्त कर सकते हैं तथा इस प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराने पर जिले की जनता उनका आभार मानेंगी तथा उन्हें लंबे समय तक याद रहेगी। भारत सरकार द्वारा पेंचवेली एक्सप्रेस के लिए घोषित टाइम टेबिल में संशोधन करते हुए यह ट्रेन मंडला से प्रारंभ होकर मंडला में ही समाप्त कराई जा सकती है । छाया सचिन ठाकुर/राजेश यादव।

## ग्रामीणों को पानी की जांच करने का दिया प्रशिक्षण



**मंडला, देशबन्धु।** मंडला कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खंड मंडला द्वारा वर्षा काल में दूषित पानी के उपयोग से होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए ग्रामीण अंचलों में जन जागरूकता के लिए अलग अलग कार्यक्रम किए जा रहे है। इसी कड़ी में आज पीएचई से उमागणेश लोधी द्वारा ग्राम पंचायत बिनैका में ग्रामीणों को एच2एस वॉयल्स से जीवाणु परीक्षण एवं फील्ड टेस्ट किट से पानी जांच का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में ग्राम के सरपंच, उपसरपंच, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, नल चालक एवं अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। साथ ही जिला सलाहकार एस. एस. श्रीवास्तव ने बताया कि आज प्रचार रथ ब्लॉक मंडला के ग्राम टिकटिया, कटंगी, चरगांव, देवरी, बिनैका में जाकर समुदाय को बारिश के समय पानी को उबाल कर छानकर, ताजा भोजन करने, बैक्टो वॉयल्स की मदद से बैक्टीरिया की जांच करने, पानी में आवश्यक तत्वों की जांच, पानी के उपचार के बारे में जागरूक किया गया।

### नैनपुर के ग्रामीण क्षेत्र में किया गया क्लोरिनेशन

ब्लॉक नैनपुर के ग्राम जहरमऊ, पिपरटोला, तिलई एवं ब्लॉक बिछिया के ग्राम नरेनी माल, इमलिया माल, इमलिया रैयत, डुंगरिया में स्थापित सभी पेयजल स्त्रोतों में क्लोरिनेशन कर जर्मेक्स का वितरण किया गया।

## सार-समाचार

### धरती आबा अभियान के तहत आयोजित हो रहे विशेष सेवा शिविर

**मण्डला, देशबन्धु।** धरती आबा योजना अंतर्गत जनजातीय समुदाय को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय सहित जिले के सभी विकास खण्डों में 15 जून से 30 जून तक विशेष सेवा शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में आधार पंजीयन एवं अद्यतन, कार्ड निर्गमन, आयुष्मान भारत जनआरोग्य योजना कार्ड, जाति प्रमाण पत्र जारी करना, किसान सम्मान निधि योजना नामांकन, जन-धन खाता आदि से सेचुरेशन मोड पर ग्रामों को आच्छादित किया जाएगा। यह अभियान प्रशासन के निर्देशानुसार सीएससी, विकासखण्ड स्तरीय अधिकारीगण एवं फ्रंटलाइन वर्कर्स के समन्वित प्रयास से संचालित किया जा रहा है। पीएम जनमन योजना एवं धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति (बैगा) एवं जनजातीय समुदाय के लिए जिला प्रशासन द्वारा कैलेण्डर अनुसार शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में जिला मुख्यालय तथा जनपद स्तर कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है । इसके अंतर्गत विशेष शिविर भी लगाये जाएँगे शिविरों में क्षेत्रीय जन प्रतिनिधि भी सम्मिलित होंगे । जनपद स्तर के आयोजन हेतु कलेक्टर महोदय द्वारा एसडीएम को नोडल अधिकारी तथा सीईओ जनपद पंचायत को सहायक नोडल नियुक्त किया गया है । इसके अलावा सभी विभाग प्रमुख को भी अपने स्तर से विभागीय अधिकारी/ कर्मचारियों की ड्यूटी लगा कर आयोजित होने वाले शिविरों में जनजातीय समुदाय के पात्र लोगों को सभी योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु निर्देशित किया है । इसके साथ ही चिन्हित प्रत्येक धरती आबा ग्राम/ ग्रामपंचायत में

शिविर आयोजन हेतु तिथियों का निर्धारण जनपद स्तर से किया गया है। प्रत्येक शिविर के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किये गए हैं। उक्ताशय के आदेश संबंधित जनपद स्तर से जारी किए गए है कलेक्टर ने जनजातीय समुदाय के लोगों से विशेष सेवा शिविरों का लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

### वृद्धाश्रम में किया वृद्धजनों का सम्मान




**मंडला, देशबन्धु।** विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस 15 जून के अवसर में आज सामाजिक न्याय विभाग मंडला एवं रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा वृद्धाश्रम रपटाघाट में वृद्धजनों का सम्मान के साथ साथ उनके अधिकारों के संबंध में चर्चा की गई ! कार्यक्रम में श्री विजय धुर्वे सचिव रेडक्रॉस सोसाइटी मंडला , पीयूष पाण्डेय सामाजिक सुरक्षा अधिकारी ,श्री यशवंत डीके, सुश्री जमुना उइके उपस्थित रहे !

### भाजपा के एक और पदाधिकारी ने तोड़ा कानून, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**डिंडोरी, देशबन्धु।** भाजपा मंडल उपाध्यक्ष समेत तीन लोगों को डिंडोरी के विक्रमपुर में सट्टा खिलाते हुए गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर इन सटोरियों को पकड़ा और उनके कब्जे से सट्टा पर्ची नकदी और अन्य सामान बरामद किया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार शाम विक्रमपुर में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष रामानुज राव को पुलिस ने सट्टा खिलाते हुए गिरफ्तार किया। वह चंदन प्रजापति के घर के पास सट्टा पर्चियों में अंक भरकर दांव लगवा रहा था। पुलिस के पहुंचते ही मौके पर भीड़ तितर-बितर हो गई और आरोपी भागने का प्रयास करने लगाए लेकिन पुलिस ने तत्परता से पकड़कर उसे अभिरक्षा में ले लिया। रामानुज रावए पिता मुकुंदलाल राव उम्र 45 वर्ष के पास से दो सट्टा पर्चियां एक डॉट पेन और 1245 नकद जब्त किया गया। यह पहला मामला नहीं है जब भाजपा नेताओं का नाम अवैध गतिविधियों से जुड़ा हो। इससे पहले शराब तस्करी और खनिज पदार्थों के अवैध उत्खनन जैसे मामलों में भी कई नेताओं की संलिप्तता सामने आ चुकी है। अब सट्टा कांड में मंडल उपाध्यक्ष का नाम जुड़ने से संगठन की छवि पर सवाल उठ रहे हैं।

## 14 परीक्षा केन्द्रों में सम्पन्न कराई जाएगी द्वितीय बोर्ड परीक्षा



**मण्डला, देशबन्धु।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित की जाने वाली हाईस्कूल एवं हायर सैकेण्डरी द्वितीय बोर्ड परीक्षा 2025 की गोपनीय सामग्री का वितरण समन्वयक संस्था शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 02 मण्डला से किया गया। बोर्ड की परीक्षायें जिले के 14 परीक्षा केन्द्रों में सम्पन्न कराई जाएगी। गोपनीय सामग्री वितरण के पूर्व समस्त कलेक्टर प्रतिनिधि, केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्ष को ब्रीफिंग किया जाकर प्रशिक्षित किया गया। बोर्ड परीक्षा से सम्बंधित आवश्यक निर्देश सम्बंधितों के द्वारा दिये गये। परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं बोर्ड परीक्षा नोडल अधिकारी श्रेयांस कूमट द्वारा संबंधितों को निर्देशित किया गया कि मण्डल के निर्देशों को अक्षरशः पालन किया जाकर बोर्ड की परीक्षायें सम्पन्न कराई जाए। ब्रीफिंग सेशन में सहायक संचालक माखनसिंह सिन्द्राम, सहायक परियोजना समन्वयक मुकेश पाण्डे, बोर्ड परीक्षा प्रभारी महेन्द्र श्रीवास, प्राचार्य डाईट राजो जायसवाल, प्रोग्रामर डाइट वेदप्रकाश गुप्ता, कल्पना नामदेव प्राचार्य उत्कृष्ट उमावि मण्डला, प्राचार्य शैल कुमार दुबे, समन्वयक संस्था प्राचार्य संध्या गुप्ता, संजीव सिंह वर्मा, आशाराम मरावी, पंडित विवेक मिश्रा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मंडला ने रायसेन को 4, जबलपुर ने सिवनी को 3 गोल से दी मात

### दक्षिण क्षेत्र जूनियर बालक अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**मंडला, देशबन्धु।** रविवार को महात्मा गांधी स्टेडियम मंडला में म.प्र. फुटबॉल संघ व जिला फुटबॉल संघ, मण्डला के तत्वाधान में दक्षिण क्षेत्र जूनियर बालक अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 का शुभारंभ हुआ। लीग आधार पर आयोजित इस प्रतियोगिता का आयोजन 22 जून 2025 तक होगा। दक्षिण क्षेत्र जूनियर बालक अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा के मुख्य आतिथ्य, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा की अध्यक्षता और भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष भीष्म द्विवेदी की विशिष्ट आतिथ्य में हुआ। मैच के पहले अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर ऑफिशियल फोटो शूट करवाया और फिर राष्ट्रगान के बाद मैच शुरू हुआ। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर आमंत्रित अतिथियों द्वारा भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सदस्य शुचि उपाध्याय का



शॉल व श्रीफल भेंट कर नागरिक अभिनंदन किया गया।

प्रतियोगिता का पहला मैच मेजबान मंडला और मेहमान रायसेन टीम के बीच खेला गया। खेल के पहले हाफ में मंडला की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने वन टच पास और फुटबॉल पर अपनी पकड़ बनाए रखी। खेल के सातवें मिनट में वत्सल ने शानदार गोल कर मंडला को एक शून्य से आगे कर दिया। खेल के 20वें मिनट में रुद्र और 22 मिनट में कृष्ण ने गोल कर मंडला को तीन शून्य से आगे कर दिया। फर्स्ट हाफ की समाप्ति पर मंडला की टीम 3 ध् 0 से आगे थी। बारिश के दौरान हुए दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने अच्छा खेल का प्रदर्शन किया लेकिन बारिश की वजह से पहले हाफ जैसी रफ्तार व स्किल खिलाड़ी नहीं दिखा पा रहे थे। वात्सल्य ने 55वें मिनट में एक और गोल कर मंडला को 4 ध् 0 की निर्णायक बढ़त दिला दी। इस तरह वात्सल्य के शानदार दो गोल की मदद से मंडला को 4 ध् 0 से विजय रही। इस मैच में खरगोन के प्रतीक वर्मा मुख्य रेफरी रहे, जबकि जबलपुर के रोहित थापा और सतना के निखिल विश्वकर्मा असिस्टेंट रेफरी व शहडोल के राज पुरी फोर्थ ऑफिशल थे।

प्रतियोगिता के पहले दिन का दूसरा मैच जबलपुर और सिवनी के बीच खेला गया। दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया लेकिन पहले आपके 24वें मिनट में जबलपुर के नागेंद्र ने शानदार गोलकर अपनी टीम को एक शून्य की बड़ा दिल दी। यह बढ़त हाफ टाइम तक कायम रही। खेल के दूसरे हाफ में जबलपुर की टीम ने और बेहतर खेल का प्रदर्शन किया और आरुष व अर्णव के गोल की मदद से उसने तीन शून्य की निर्णायक बढ़त हासिल कर ली।

आरुष ने खेल के 80वें मिनट और अर्णव ने खेल के 85वें मिनट में गोल किया। इस मैच में मुख्य रेफरी की भूमिका सतना के अभय बागरी ने निभाई। असिस्टेंट रेफरी खरगोन के शिवम पाटीदार व शहडोल के राजपुरी थे। फोर्थ ऑफिशल सतना के निखिल विश्वकर्मा थे।

## कान्हा टाइगर रिजर्व में कार्यशाला, पर्यटन को गति देने पर की चर्चा

**मंडला, देशबन्धु।** कान्हा टाइगर रिजर्व जैसे सभी नेशनल पार्कों में सफारी के अलावा पर्यटन के अनुभव बढ़ाने, वर्षा ऋतु में पार्कों के बंद हो जाने के दौरान फुटफाल बढ़ाने तथा पर्यटन के व्यवसाय को गति प्रदान करने के उद्देश्य से कान्हा टाइगर रिजर्व के एमपीटी के बघीरा रिजॉर्ट, मोचा में शनिवार को दो दिवसीय कार्यशाला आरंभ हुई। प्रदेश में पर्यटन विकास के लिए एमपीटीबी के प्रबंध संचालक शिव शेखर शुक्ल के मार्ग दर्शन में आयोजित कार्यशाला में वाइल्ड लाइफ हैबिटेट में सस्टेनेबल ट्रैकिंग प्रैक्टिस, एडवेंचर एक्टिविटीज इंश्योरेंस, वेलनेस टूरिज्म, स्काई गेजिंग और साइकिल सफारी आदि विषयों पर हितधारकों ने चर्चा की। जिला पंचायत मंडला के सीईओ श्रेयांश कूमट, कान्हा वन मंडल बफर जोन की उप संचालक अमिता के.बी. एमपीटीबी के साहसिक खेल विभाग के संयुक्त संचालक डॉ एसके श्रीवास्तव, बिछिया की एसडीएम सोनाली देव, यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक के वरिष्ठ अधिकारी रविशंकर और होटल-लॉज संघ, कान्हा के अध्यक्ष तरुण भाटी ने दीप प्रज्ज्वल कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। बिछिया एसडीएम सोनाली देव ने साहसिक खेलों और आदिवासी संस्कृति को मंडला के पर्यटन विकास का मजबूत स्तंभ बताया। कान्हा नेशनल पार्क के बफर जोन की उप संचालक अमिता ने पीपीटी के माध्यम से इको तथा रिस्पांसिबल टूरिज्म पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि पर्यटन स्थानीय लोगों की आय में वृद्धि कर सकता है।

जिला पंचायत मंडला के सीईओ श्रेयांश कूमट ने कहा कि मंडला अध्यात्म और लोक संस्कृति का संगम है। पीपीटी के माध्यम से उन्होंने पुरातत्व पर्यटन, आध्यात्मिक पर्यटन, प्राकृतिक पर्यटन, सांस्कृतिक पर्यटन सहित महाकाल लोक की तर्ज पर भविष्य में नर्मदा लोक विकसित करने के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि महिष्मति घाट की पंच चौकी महाआरती आज मण्डला में प्रयागराज और वाराणसी की झलक प्रस्तुत कर रही है। चौगान



### हेलीकॉप्टर से पहुंचेंगे जबलपुर से कान्हा

एमपीटीबी के डॉ श्रीवास्तव ने बताया कि टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध निदेशक श्री शुक्ल का मानना है कि कान्हा नेशनल पार्क तक जल्द पहुंचने के लिए बोर्ड जल्द ही जबलपुर से कान्हा तक हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करेगा। कान्हा में मोचा या खटिया गेट के निकट हेलिपैड का निर्माण होगा।

की मढ़िया गोण्ड संस्कृति का एक प्रमुख आस्था का केन्द्र है। उन्होंने पर्यटन के लिहाज से रामनगर क्लस्टर में आर्कोलाजिकल स्ट्रक्चर्स के साथ- साथ काला पहाड़ में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ट्रेकिंग ट्रेल्स के लिहाज से डेवलप करने की बात कही । श्री कूमट ने कहा कि मण्डला में ईको टूरिज्म की भी पर्याप्त संभावनाएं हैं। एमपीटीबी के डॉ एस के श्रीवास्तव ने बताया कि टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध निदेशक शिव शेखर शुक्ल का मत है कि मंडला में भी पंचारण्य बनाया जाएगा जिसकी संरचना विकसित करने के लिए प्रशासन से दो एकड़ की भूमि ली जाएगी। लोक संस्कृति और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने यह पंचारण्य उपयोगी रहेगा।

डॉ एस के श्रीवास्तव ने बताया कि ग्लोबल सस्टेनेबल टूरिज्म काउंसिल ने पचमढ़ी को ग्रीन डेस्टिनेशन के रूप में प्रमाणित किया है यह प्रदेश के पर्यटन विकास के दृष्टिकोण से बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि धार जिले के कुच्छी से गुजरात के स्टैचू ऑफ यूनिटी तक क्रूज सेवा जल्द आरंभ होगी। उन्होंने अपने प्रजेंटेशन में प्रदेश में सफलता पूर्वक संचालित स्काई डाइविंग जैसी गतिविधियों के बारे में बताया।

डॉ श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश अब साहसिक खेलों के लिए देश विदेश में नाम कमा रहा है उन्होंने अप्रैल माह में मंडला जिले में सफलता पूर्वक संचालित झील महोत्सव के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि साहसिक खेलों को बरगी बांध में संचालित करने एमपीटीबी ने जबलपुर के स्पोर्ट्स स्टूडियो के संचालक आशीष अग्रवाल को लायसेंस प्रदान किया है यह इस बात को प्रमाणित करता है कि पर्यटन बोर्ड पीपीपी मॉडल के माध्यम से भी आगे बढ़ रहा है। पर्यावरण संरक्षण के साथ पेंच और

### ईको टूरिज्म और एडवेंचर गेम्स की पर्याप्त संभावनाएं

एमपीटीबी के साहसिक खेल विभाग के संयुक्त संचालक डॉ एस के श्रीवास्तव ने कार्यशाला में अपने विचार रखते हुए बताया कि इस क्षेत्र में ईको टूरिज्म के लिए भी पर्याप्त संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में पचमढ़ी में रॉक क्लाईमिंग का एडवेंचर शुरू किया गया है। उज्जैन में स्काई डायविंग के लिए ट्रेनर्स के साथ डायविंग भी कराई गई है।

अलीराजपुर में ट्रैकिंग करा रहे इंडिया हाइक्स के प्रमुख नीतेश कुमार जे ने बताया कि उनके साथ ट्रैकिंग करने वाले कचरा एकत्र करने एक थैला रखकर चलते हैं। भोपाल से आए फिल्म और डॉक्यूमेंट्री निर्माता निशांत कपूर ने वाइल्ड लाइफ को आकार देने फिल्मों की भूमिका विषय पर प्रकाश डाला। फिल्म निर्माता और वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर फरहान खान की डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। इस अवसर पर एडवेंचर इंश्योरेंस कंपनी

एएससी 360 की प्रमुख पूजा सिंघल, साइकिल सफारी का। संचालन कर रहे रोहित त्रिवेदी तथा सायरन्स स्पोर्ट्स के राहुल शर्मा ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर एमपीटीबी के सलाहकार के.के.सिंह, परियोजना अधिकारी अवनीश यादव, पर्यटन प्रबंधक जबलपुर तरुण मिश्र तथा पर्यटन प्रबंधक बालाघाट रत्नदीप आदि उपस्थित रहे। कार्यकम में बफर में सफर विषय पर परिचर्चा हुई तथा लोगों ने मोचा स्थित बैगा आर्ट गैलरी का भ्रमण किया तथा बैगा नृत्य का आनंद उठाया।

#### बदला जाए खटिया गेट का नाम

कार्यशाला में सहभागी होटल, रिजॉर्ट संचालकों ने कहा कि खटिया गेट का नाम बदल दिया जाए ताकि पर्यटकों की गलतफहमी दूर हो कि यहां कोर क्षेत्र नहीं है और खटिया गेट से प्रवेश करने पर बाघ नहीं दिखते।